1. m का मान ज्ञात कीजिए।

Find the value of m.

$m - \frac{2}{3} = \frac{5}{6} + \frac{1}{2}$

(A) 2 (B) 4

(C) $\frac{3}{4}$ (D) $\frac{1}{2}$

2. दो स्टेशन A और B एक सीधी रेखा पर 210 किमी की दूरी पर स्थित हैं। एक ट्रेन सुबह 7 बजे A से प्रारंभ होती है और 35 किमी/घंटा की चाल से B की ओर चलती है। दूसरी ट्रेन सुबह 8 बजे B से प्रारंभ होती है और 40 किमी/घंटा की चाल से A की ओर चलती है। वे किस समय मिलेंगी ?

(A) सुबह 9 बजे (B) सुबह 10:20 बजे

(C) सुबह 9:33 बजे (D) सुबह 10 बजे

Two stations A and B are 210 km apart on a straight line. One train starts from A at 7 a.m. and travels towards B at a speed of 35 km/h. Another train starts from B at 8 a.m. and travels towards A at a speed of 40 km/h. At what time will they meet ?

(A) 9 a.m. (B) 10:20 a.m.

(C) 9:33 a.m. (D) 10 a.m.

3. यदि $3x - 7y = 14$ और $\frac{x}{(x+y)} = \frac{7}{9}$, है, तो xy का मान क्या है ?

If $3x - 7y = 14$ and $\frac{x}{(x+y)} = \frac{7}{9}$, then what is the value of xy ?

(A) 56 (B) 48

(C) 81 (D) 65

4. एक व्यापारी ₹ 18,960 में एक वस्तु खरीदता है और इसे 15% हानि पर बेचता है। वस्तु का विक्रय मूल्य क्या है ?

A merchant buys an article for ₹ 18,960 and sells it at a 15% loss. What is the selling price of the article ?

(A) ₹ 16,275 (B) ₹ 14,106

(C) ₹ 16,116 (D) ₹ 14,450

5. एक दुकानदार ने ₹ 15,400 में एक टेलीविजन खरीदा और इसे ₹ 18,060 में बेच दिया। लाभ और लाभ प्रतिशत की गणना कीजिए।

(A) लाभ = ₹ 2,500, लाभ % = 15·50% (B) लाभ = ₹ 2,600, लाभ % = 16·88%

(C) लाभ = ₹ 2,560, लाभ % = 16·10% (D) लाभ = ₹ 2,660, लाभ % = 17·27%

A shopkeeper bought a television for ₹ 15,400 and sold it for ₹ 18,060. Calculate the profit and profit percentage.

(A) Profit = ₹ 2,500, Profit % = 15·50% (B) Profit = ₹ 2,600, Profit % = 16·88%

(C) Profit = ₹ 2,560, Profit % = 16·10% (D) Profit = ₹ 2,660, Profit % = 17·27%

6. छह संख्याओं का औसत 12 है। उनमें से दो का औसत 6·5 है, जबकि अन्य दो का औसत 4·5 है। शेष दो संख्याओं का औसत क्या है ?

The average of six numbers is 12. The average of two of them is 6·5, while the average of the other two is 4·5. What is the average of the remaining two numbers ?

(A) 25 (B) 45

(C) 18 (D) 34

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs. Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating · Editors' choice · New

Adda247 Test Prime

Adda Education • Education

Installed

DOWNLOAD THE APP

7. A और B ने एक व्यवसाय में क्रमशः 3 : 2 के अनुपात में धन निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹ 7,000 है, तो लाभ में A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

A and B invested money in a business in the ratio of 3 : 2 respectively. If the total profit at the end of the year is ₹ 7,000, then find A's share of the profit.

(A) ₹ 4,200
(B) ₹ 4,450
(C) ₹ 4,150
(D) ₹ 4,600

8. दूध और पानी के एक मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात क्रमशः 3 : 1 है। यदि मिश्रण की कुल मात्रा 48 लीटर है, तो मिश्रण में दूध की मात्रा कितनी है ?

(A) 34 लीटर (B) 20 लीटर (C) 30 लीटर (D) 36 लीटर

In a mixture of milk and water, the ratio of milk to water is 3 : 1 respectively. If there are 48 litres of mixture in total, how much milk is there in the mixture ?

(A) 34 litres (B) 20 litres (C) 30 litres (D) 36 litres

9. दो संख्याओं का योग 72 है और उनका अनुपात 2 : 4 है। उनमें से सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

The sum of two numbers is 72 and their ratio is 2 : 4. Find the smallest number among them.

(A) 22
(B) 20
(C) 18
(D) 24

10. एक समचतुर्भुज में, एक विकर्ण 40 सेमी है और दूसरा विकर्ण पहले विकर्ण के आधे से 22 सेमी लंबा है। समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(A) 12 सेमी (B) 16 सेमी (C) 25 सेमी (D) 29 सेमी

In a rhombus, one diagonal is 40 cm and the other diagonal is 22 cm longer than half the first diagonal. Find the length of each side of the rhombus.

(A) 12 cm (B) 16 cm (C) 25 cm (D) 29 cm

11. रिया एक बचत खाते में ₹ 10,000 निवेश करती है, जिस पर 8% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर मिलती है, जबकि ब्याज वार्षिक संयोजित होता है। 3 वर्ष बाद उसके खाते में कितनी राशि होगी ?

Riya invests ₹ 10,000 in a savings account that offers an annual compound interest rate of 8%, compounded yearly. How much money will she have in the account after 3 years ?

(A) ₹ 12,597·12 (B) ₹ 12,845·34 (C) ₹ 12,333·21 (D) ₹ 12,450·23

12. एक बक्से की लंबाई 11·1 सेमी, चौड़ाई 5·5 सेमी और ऊँचाई 7·7 सेमी है। इसका कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(A) 374·8 वर्ग सेमी (B) 377·74 वर्ग सेमी (C) 365·47 वर्ग सेमी (D) 357·4 वर्ग सेमी

A box has length 11·1 cm, width 5·5 cm and height 7·7 cm. Find its total surface area.

(A) 374·8 $cm^2$ (B) 377·74 $cm^2$ (C) 365·47 $cm^2$ (D) 357·4 $cm^2$

13. एक दुकानदार अपनी वस्तु का अंकित मूल्य क्रय मूल्य से 25% अधिक रखता है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए, वह अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। छूट देने के बाद, दुकानदार को वस्तु बेचने पर कितना प्रतिशत लाभ होता है, इसकी गणना कीजिए।

A shopkeeper sets the marked price of his goods at 25% above the cost price. To attract customers, he offers a discount of 10% on the marked price. Calculate the percentage of profit the shopkeeper makes on selling the goods after allowing the discount.

(A) 15%
(B) 12·5%
(C) 14%
(D) 19·3%

14. $(478749)^{\{1\times5\times2\times4\}}$ के विस्तार में इकाई का अंक क्या है ?

What is the unit digit in the expansion of $(478749)^{\{1\times5\times2\times4\}}$ ?

(A) 1 (B) 3 (C) 9 (D) 4

43. मार्च 2026 में आए भीषण उष्णकटिबंधीय चक्रवात नारेल ने किस देश को प्रभावित किया ?

(A) ऑस्ट्रेलिया
(B) मेडागास्कर
(C) रूस
(D) फिलीपींस

The severe tropical cyclone Narelle, which struck in March 2026, affected which country ?

(A) Australia
(B) Madagascar
(C) Russia
(D) Philippines

44. "वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (WADA)" का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
(B) मॉन्ट्रियल, कनाडा
(C) पेरिस, फ्रांस
(D) न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका

Where is the headquarters of the "World Anti-Doping Agency (WADA)" located ?

(A) Geneva, Switzerland
(B) Montreal, Canada
(C) Paris, France
(D) New York, USA

45. किस संस्थान ने वायुमंडलीय रडार संकेतों से वर्षा का पता लगाने वाली मशीन लर्निंग प्रौद्योगिकी के लिए पेटेंट हासिल किया ?

(A) कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(B) भारतीय विज्ञान संस्थान
(C) अन्ना विश्वविद्यालय
(D) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली

Which institution secured a patent for machine learning technology to decode rainfall from atmospheric radar signals ?

(A) Cochin University of Science and Technology
(B) Indian Institute of Science
(C) Anna University
(D) Indian Institute of Technology, Delhi

46. भारत का कौन-सा राज्य 2026 में "20 सिटीज़ टुवर्ड्स ज़ीरो वेस्ट" पहल में शामिल किया गया है ?

(A) आंध्र प्रदेश
(B) गोवा
(C) केरल
(D) तमिलनाडु

Which state in India has been included in the "20 Cities Towards Zero Waste" initiative in 2026 ?

(A) Andhra Pradesh
(B) Goa
(C) Kerala
(D) Tamil Nadu

47. विश्व खाद्य दिवस, जो प्रति वर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है, __________ के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है।

(A) जलवायु परिवर्तन और वन्यजीव संरक्षण
(B) औद्योगिक संवृद्धि और शहरी विकास
(C) भूख, खाद्य सुरक्षा, पोषण और सतत कृषि पद्धतियों
(D) अंतरिक्ष अनुसंधान, उपग्रह प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक नवाचार

World Food Day, observed annually on 16 October, is dedicated to raising awareness about __________.

(A) Climate change and wildlife conservation
(B) Industrial growth and urban development
(C) Hunger, food security, nutrition and sustainable agricultural practices
(D) Space research, satellite technology and scientific innovation

48. अक्टूबर 2025 तक, GST परिषद द्वारा निर्धारित भारत में सबसे ऊँची GST स्लैब दर क्या है ?

As of October 2025, what is the highest GST slab rate in India, as decided by the GST Council ?

(A) 35%
(B) 40%
(C) 18%
(D) 28%

49. बरुआ सागर झील उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

(A) झाँसी
(B) लखनऊ
(C) आगरा
(D) वाराणसी

Barua Sagar Lake is located in which district of Uttar Pradesh ?

(A) Jhansi
(B) Lucknow
(C) Agra
(D) Varanasi

[प्र. सं. 58 से 60 गद्यांश प्रश्न] **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए।**

प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। वृक्ष हमें शुद्ध वायु, छाया और फल प्रदान करते हैं। नदियाँ और झीलें हमें पानी देती हैं। पहाड़ मौसम को नियंत्रित करते हैं। परंतु आज मानव अपनी स्वार्थी प्रवृत्ति के कारण प्रकृति को नुकसान पहुँचा रहा है। वनों की अंधाधुंध कटाई, कारखानों का धुआँ और प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, बाढ़ और सूखे जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए और जल संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। यदि हम अभी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।

58. गद्यांश के अनुसार, पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण क्या बताया गया है ?
(A) वनों की कटाई, कारखानों का धुआँ और प्लास्टिक का उपयोग
(B) नदियों का सूखना
(C) अत्यधिक वर्षा
(D) पहाड़ों का कटाव

59. गद्यांश में पर्यावरण रक्षा हेतु क्या उपाय सुझाए गए हैं ?
(A) अधिक पेड़ लगाना, प्लास्टिक का कम उपयोग और जल संरक्षण
(B) कारखाने बंद करना
(C) केवल जल संरक्षण
(D) नदियों को साफ करना

60. गद्यांश के अनुसार वृक्ष हमें क्या प्रदान करते हैं ?
(A) केवल फल
(B) वर्षा और जल
(C) केवल छाया
(D) शुद्ध वायु, छाया और फल

61. उपसर्ग वह शब्दांश है, जो :
(A) किसी शब्द के मध्य में जुड़ता है।
(B) शब्द में कहीं भी जुड़ सकता है।
(C) किसी शब्द के आगे जुड़ता है।
(D) किसी शब्द के बाद में जुड़ता है।

62. निम्नलिखित में से "आधा गाँव" उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया है ?
(A) श्रीलाल शुक्ल
(B) अज्ञेय
(C) डॉ. राही मासूम रज़ा
(D) धर्मवीर भारती

63. "माया को माया मिले, कर कर लम्बे हाथ" लोकोक्ति का सही अर्थ है :
(A) धनी को और धन मिलना
(B) अयोग्य व्यक्ति को अच्छी चीज़ मिल जाना
(C) बुरे के साथ रहने से बुराई ही मिलती है
(D) बिना कठिनाई के अच्छी आय होना

64. निम्नलिखित में से 'ध्यानमग्न' शब्द में कौन-सा समास है ?
(A) द्वंद्व
(B) तत्पुरुष
(C) अव्ययीभाव
(D) द्विगु

65. निम्नलिखित में से हिन्दी भाषा में साहित्य अकादमी से पुरस्कृत रचना "कल सुनना मुझे" किसके द्वारा लिखी गई है ?
(A) अज्ञेय
(B) मुक्तिबोध
(C) धूमिल
(D) रामचन्द्र शुक्ल

66. रामू जो बड़ा अच्छा खिलाड़ी है कल उसकी टाँग टूट गई। वाक्य में उचित विराम-चिह्न होगा :
(A) अल्पविराम
(B) कोष्ठक
(C) योजक
(D) अर्धविराम

15. 15 के दो गुणजों का LCM 1200 है। यदि पहली संख्या 75 है, तो निम्नलिखित में से दूसरी संख्या कौन-सी है ?
The LCM of two multiples of 15 is 1200. If the first number is 75, which of the following is the second number ?
(A) 240 (B) 290 (C) 260 (D) 280

16. यदि दो संख्याओं का HCF 16 है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा मान उनका LCM कभी ***नहीं*** हो सकता ?
If the HCF of two numbers is 16, which of the following values can ***never*** be their LCM ?
(A) 80 (B) 112 (C) 134 (D) 48

17. यदि किसी संख्या का 20%, 50 है, तो उस संख्या का 125% क्या होगा ?
If 20% of a number is 50, what is 125% of that number ?
(A) 292·5 (B) 312·5 (C) 322·5 (D) 252·5

18. 3 वर्ष की अवधि में 11% की वार्षिक ब्याज दर से ₹ 49,000 के मूलधन पर अर्जित साधारण ब्याज की गणना कीजिए।
Calculate the simple interest earned on a principal of ₹ 49,000 at an annual interest rate of 11% over a period of 3 years.
(A) ₹ 16,170 (B) ₹ 39,000 (C) ₹ 11,700 (D) ₹ 53,900

19. तीन क्रमागत सम संख्याओं का महत्तम समापवर्तक है :
The Highest Common Factor of three consecutive even numbers is :
(A) 8 (B) 2 (C) 6 (D) 4

20. भारत में रेपो दर कौन-सा संगठन निर्धारित करता है ?
(A) नीति आयोग (B) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(C) भारतीय रिज़र्व बैंक (D) वित्त मंत्रालय
Which organisation fixes the repo rate in India ?
(A) NITI Aayog (B) Securities and Exchange Board of India
(C) Reserve Bank of India (D) Ministry of Finance

21. भारत में विदेशी व्यापार को कौन-सा संगठन नियंत्रित करता है ?
Which organization regulates foreign trade in India ?
(A) SEBI (B) RBI (C) DGFT (D) NABARD

22. कंवर झील भारत के किस राज्य में स्थित है ?
(A) मध्य प्रदेश (B) पश्चिम बंगाल (C) बिहार (D) कर्नाटक
Kanwar Lake is located in which state of India ?
(A) Madhya Pradesh (B) West Bengal (C) Bihar (D) Karnataka

23. भारत में कौन-सा राज्य समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026 पारित करने वाला दूसरा राज्य बन गया है ?
(A) महाराष्ट्र (B) मध्य प्रदेश (C) गुजरात (D) उत्तराखंड
Which state became the second in India to pass the Uniform Civil Code (UCC) Bill, 2026 ?
(A) Maharashtra (B) Madhya Pradesh (C) Gujarat (D) Uttarakhand

24. पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?
The Bureau of Police Research & Development was established in which year ?
(A) 1995 (B) 1960 (C) 1970 (D) 1985

25. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी पेरिस शहर से होकर बहती है ?
(A) अमेज़ॉन (B) लोआर (C) डेन्यूब (D) सीन
Which of the following rivers flows through the city of Paris ?
(A) Amazon (B) Loire (C) Danube (D) Seine

54310040 #

50. खेती निर्वाह से लेकर ________ प्रकार तक भिन्न रही है।

(A) डिजिटल (B) वाणिज्यिक (C) समुद्री (D) व्यापक

Farming has varied from subsistence to ________ type.

(A) Digital (B) Commercial (C) Marine (D) Extensive

51. नाट्यशास्त्र, प्रदर्शन कला पर एक ग्रंथ, ________ द्वारा लिखा गया था।

(A) दंडिन (B) भरत मुनि (C) पतंजलि (D) पाणिनि

The *Natyashastra*, a treatise on performing arts, was written by ________.

(A) Dandin (B) Bharata Muni (C) Patanjali (D) Panini

52. मार्च 2026 में, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में भारत के राजदूत के रूप में किसे नियुक्त किया गया ?

(A) तरनजीत सिंह संधू
(B) विनय मोहन क्वात्रा
(C) विक्रम के. दोरैस्वामी
(D) हर्ष वर्धन श्रृंगला

In March 2026, who was appointed as the Ambassador of India to the People's Republic of China ?

(A) Taranjit Singh Sandhu
(B) Vinay Mohan Kwatra
(C) Vikram K. Doraiswami
(D) Harsh Vardhan Shringla

53. पद्म भूषण 2026 के कौन-से प्राप्तकर्ता सार्वजनिक मामलों से जुड़े हैं और उत्तराखंड से संबंध रखते हैं ?

(A) वेल्लापल्ली नटेसन
(B) वी.के. मल्होत्रा
(C) भगत सिंह कोश्यारी
(D) शिबू सोरेन

Which Padma Bhushan 2026 awardee is associated with Public Affairs and belongs to Uttarakhand ?

(A) Vellappally Natesan
(B) V.K. Malhotra
(C) Bhagat Singh Koshyari
(D) Shibu Soren

54. बुखारेस्ट किस देश का राजधानी शहर है ?

(A) हंगरी (B) बुल्गारिया (C) सर्बिया (D) रोमानिया

Which country has Bucharest as its capital city ?

(A) Hungary (B) Bulgaria (C) Serbia (D) Romania

55. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार के अंतर्गत आता है ?

(A) संगीत और नृत्य
(B) नृत्य और अभिनय
(C) अभिनय और विज्ञान
(D) विज्ञान और प्रौद्योगिकी

Which of the following fields is covered under the Shanti Swarup Bhatnagar Prize ?

(A) Music and Dance
(B) Dance and Acting
(C) Acting and Science
(D) Science and Technology

56. "प्रहार" रणनीति का भारत में मुख्य उद्देश्य क्या सुनिश्चित करना है ?

(A) आर्थिक विकास
(B) अंतरिक्ष रक्षा विस्तार
(C) औद्योगिक सुरक्षा सुधार
(D) आतंकवाद-विरोध

What does the "PRAHAAR" strategy primarily aim to ensure in India ?

(A) Economic development
(B) Space defence expansion
(C) Industrial security reforms
(D) Counter-terrorism

57. CSIR की मिशन-मोड पहल के अंतर्गत ओडिशा के किस गाँव को पहले स्मार्ट गाँव के रूप में विकसित किया गया ?

(A) कुसुनपुर (B) हिवारे बाज़ार (C) पुंसारी (D) रालेगन सिद्धि

Which village in Odisha was developed as the first smart village under a CSIR mission-mode initiative ?

(A) Kusunpur (B) Hiware Bazar (C) Punsari (D) Ralegan Siddhi

26. भारत के प्रधान मंत्री की नियुक्ति भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत होती है ?

(A) अनुच्छेद 75(1) (B) अनुच्छेद 72 (C) अनुच्छेद 87(1) (D) अनुच्छेद 79

The Prime Minister of India is appointed under which Article of the Indian Constitution ?

(A) Article 75(1) (B) Article 72 (C) Article 87(1) (D) Article 79

27. कौन-सा प्लेटफॉर्म मुख्य रूप से पेशेवर नेटवर्किंग के लिए उपयोग किया जाता है ?

(A) इंस्टाग्राम (B) लिंक्डइन (C) फेसबुक (D) स्नैपचैट

Which platform is mainly used for professional networking ?

(A) Instagram (B) LinkedIn (C) Facebook (D) Snapchat

28. निम्नलिखित में से कौन-सी पर्यावरणीय समस्या मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण होती है ?

(A) ओज़ोन अवक्षय (B) अम्ल वर्षा (C) वनोन्मूलन (D) वैश्विक तापन

Which of the following environmental issues is primarily caused by the emission of greenhouse gases ?

(A) Ozone depletion (B) Acid rain (C) Deforestation (D) Global warming

29. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में राज्य सभा में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए सीटों के आबंटन से संबंधित प्रावधान हैं ?

(A) पाँचवीं अनुसूची (B) चौथी अनुसूची (C) नौवीं अनुसूची (D) दसवीं अनुसूची

Which Schedule of the Indian Constitution contains provisions regarding the allocation of seats to the States and Union Territories in the Rajya Sabha ?

(A) Fifth Schedule (B) Fourth Schedule (C) Ninth Schedule (D) Tenth Schedule

30. लास्को गुफाएँ किस देश में स्थित हैं ?

(A) स्पेन (B) जर्मनी (C) इटली (D) फ्रांस

The Lascaux Caves are located in which country ?

(A) Spain (B) Germany (C) Italy (D) France

31. मधुबनी (मिथिला) चित्रकला की उत्पत्ति किस भारतीय राज्य से हुई है ?

(A) उत्तर प्रदेश (B) झारखंड

(C) पश्चिम बंगाल (D) बिहार

Which Indian state is the origin of Madhubani (Mithila) painting ?

(A) Uttar Pradesh (B) Jharkhand

(C) West Bengal (D) Bihar

32. 1888 में बाज़ार में आए पहले कोडक कैमरे का आविष्कार किसने किया था ?

(A) जॉर्ज ईस्टमैन (B) अलेक्जेंडर ग्राहम बेल

(C) जॉर्ज मार्थन (D) थॉमस एडिसन

Who invented the first Kodak camera, that was placed on the market in 1888 ?

(A) George Eastman (B) Alexander Graham Bell

(C) George Marthon (D) Thomas Edison

33. कौन-सा वैज्ञानिक सिद्धांत यह समझाता है कि कम्पास की सुई उत्तर की ओर क्यों इशारा करती है ?

(A) गुरुत्वाकर्षण बल (B) पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र

(C) नाभिकीय बल (D) घर्षण

Which scientific principle explains why a compass needle points north ?

(A) Gravitational force (B) Earth's magnetic field

(C) Nuclear force (D) Friction

67. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है ?

(A) उपनिवेश (B) उपार्जन (C) चक्षु (D) आंशिक

68. आनुषंगिक के विलोम शब्द का चयन कीजिए :

(A) अल्पजीवी (B) विमुख (C) निरामिष (D) प्रमुख

69. 'कोई तो साथ चलो' इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है ?

(A) निजवाचक (B) सम्बन्धवाचक (C) अनिश्चयवाचक (D) पुरुषवाचक

70. 'क्या तुम सचमुच उत्तीर्ण हो गए हो ?' यह कौन-सा वाक्य है ?

(A) विस्मयादिबोधक (B) इच्छावाचक (C) संदेहवाचक (D) प्रश्नवाचक

71. "ऊपरी बनावट या तड़क भड़क" के लिए एक शब्द है :

(A) आडम्बर (B) दूरदर्शी (C) आस्तिक (D) आयात

72. 'मोहन बिल्कुल थक गया है' इस वाक्य में कौन-सा अव्यय है ?

(A) क्रिया-विशेषण अव्यय (B) समुच्चयबोधक अव्यय (C) सम्बन्धबोधक अव्यय (D) विस्मयादिबोधक अव्यय

73. 'बद' उपसर्ग निम्नलिखित में से कौन-से शब्द में प्रयुक्त है ?

(A) बेदम (B) बेखुदी (C) बदमाश (D) बदौलत

74. मानव जीवन पर ग्रहों और तारों के प्रभाव के अध्ययन को क्या कहते हैं ?

(A) पारिस्थितिकी (B) जलगति विज्ञान (C) भाषाशास्त्र (D) ज्योतिष

75. 'गुलाम' शब्द का विलोम शब्द चुनिए :

(A) शोर (B) आजाद (C) लंबा (D) शांति

76. निम्नलिखित में से "सर्कस" उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया है ?

(A) मन्नू भंडारी (B) अमृत लाल नागर (C) यशपाल (D) संजीव

77. 'दिनों का फेर होना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) लगातार हानि होना (B) दिन भर प्रतीक्षा नहीं करना

(C) भाग्य का चक्कर (D) कभी भी लाभ होना

78. जिस क्रिया का फल कर्ता को छोड़कर कर्म पर पड़े, उसे क्या कहते हैं ?

(A) संयुक्त क्रिया (B) त्रिकर्मक क्रिया (C) सकर्मक क्रिया (D) अकर्मक क्रिया

79. 'धूसर' शब्द का पर्याय है :

(A) रज (B) गर्दभ (C) भूमि (D) अज

80. 'उन्होंने बहुत लड़ाइयाँ लड़ी हैं' इस वाक्य में 'लड़ी हैं' किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) प्रेरणार्थक (B) द्विकर्मक (C) सकर्मक (D) संयुक्त

81. निम्नलिखित में से 1989 में साहित्य अकादमी पुरस्कार के विजेता कौन थे ?

(A) अज्ञेय (B) प्रसाद (C) केदारनाथ सिंह (D) माखन लाल चतुर्वेदी

82. 'घोंसले में चिड़िया है' में कौन-सा कारक है ?

(A) कर्ता कारक (B) अधिकरण कारक (C) अपादान कारक (D) करण कारक

83. 'मध्वरि' का संधि-विच्छेद है :

(A) मधु + अरि (B) मधू + अरि (C) मध + अरि (D) मध्व + अरि

34. भारत में प्रति वर्ष "राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस" कब मनाया जाता है ?

(A) 16 जनवरी (B) 10 जनवरी (C) 17 फरवरी (D) 18 फरवरी

When is "National Startup Day" celebrated annually in India ?

(A) January 16 (B) January 10 (C) February 17 (D) February 18

35. प्रेम, भाग्य और रिश्तों की पड़ताल करने वाला उपन्यास "इट्स ऑल इन द प्लैनेट्स" __________ द्वारा लिखा गया है।

(A) प्रीति शेनॉय (B) शशि थरूर (C) सुधा मूर्ति (D) वी.एस. नायपॉल

"It's All in the Planets", a novel exploring love, fate and relationships, is written by __________.

(A) Preeti Shenoy (B) Shashi Tharoor (C) Sudha Murty (D) V.S. Naipaul

36. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य म्यांमार और भूटान दोनों के साथ सीमा साझा करता है ?

(A) हिमाचल प्रदेश (B) अरुणाचल प्रदेश (C) आंध्र प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

Which of the following Indian states shares a border with both Myanmar and Bhutan ?

(A) Himachal Pradesh (B) Arunachal Pradesh (C) Andhra Pradesh (D) Uttar Pradesh

37. 'धोकरा' धातु शिल्प, जो विश्व की सबसे प्राचीन ज्ञात अलौह धातु ढलाई परंपराओं में से एक है (मोहनजोदड़ो में साक्ष्य मिले हैं), जनजातीय और लोक कला वस्तुएँ बनाने के लिए कौन-सी प्राचीन तकनीक उपयोग करता है ?

(A) अपकेंद्री ढलाई (B) विद्युत-लेपन (C) भ्रष्ट-मोम ढलाई (D) डाई ढलाई

The 'Dhokra' metal craft, one of the world's oldest known non-ferrous metal casting traditions (evidence found at Mohenjo-daro), uses which ancient technique to create tribal and folk art objects ?

(A) Centrifugal casting (B) Electroplating (C) Lost-wax casting (D) Die casting

38. निम्नलिखित में से कौन-सी पाणिनि की प्रसिद्ध रचना है, जिसे संस्कृत व्याकरण का आधारभूत ग्रंथ माना जाता है ?

(A) *हर्षचरित* (B) *विक्रमोर्वशी* (C) *नाट्यशास्त्र* (D) *अष्टाध्यायी*

Which of the following is the famous work of Panini, regarded as the foundational text of Sanskrit grammar ?

(A) *Harshacharita* (B) *Vikramorvashi* (C) *Natyashastra* (D) *Ashtadhyayi*

39. पौधों के हरे रंग के लिए कौन-सा वर्णक जिम्मेदार है ?

(A) क्लोरोफिल (B) कैरोटीन (C) ज़ैंथोफिल (D) हीमोग्लोबिन

Which pigment is responsible for the green colour of plants ?

(A) Chlorophyll (B) Carotene (C) Xanthophyll (D) Haemoglobin

40. प्रशासनिक और राजस्व उद्देश्यों के लिए उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में कितनी तहसीलें हैं ?

How many tehsils are there in Ballia district of Uttar Pradesh for administrative and revenue purposes ?

(A) 5 (B) 6 (C) 7 (D) 4

41. प्लासी का युद्ध ईस्ट इंडिया कंपनी और निम्नलिखित में से किसके बीच लड़ा गया था ?

(A) बंगाल का नवाब (B) अलाउद्दीन खिलजी

(C) चंद्रगुप्त मौर्य (D) हैदराबाद का नवाब

The Battle of Plassey was fought between the East India Company and who among the following ?

(A) Nawab of Bengal (B) Allauddin Khilji

(C) Chandragupta Maurya (D) Nawab of Hyderabad

42. भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम कितने चरणों पर आधारित है ?

(A) 3 चरण (B) 1 चरण (C) 5 चरण (D) 4 चरण

India's nuclear energy programme is based on how many stages ?

(A) 3 stages (B) 1 stage (C) 5 stages (D) 4 stages

84. 'भाला' शब्द का वचन बदलिए :

(A) भालिनी (B) भालाएँ (C) भाले (D) भालिने

85. 'आगे कुआँ, पीछे खाई' मुहावरे का अर्थ है :

(A) दोनों तरफ विपत्ति या परेशानी होना (B) साथ मिलकर न रहना
(C) जीवन में विपत्ति सब पर आती है (D) बुद्धि से काम न लेना

86. निम्नलिखित में से कौन-सा अव्ययीभाव समास का उदाहरण है ?

(A) संत-वंत (B) घर-द्वार (C) कर्म-धर्म (D) धीरे-धीरे

87. रात को आकाश में तारे चमकते हैं, इस वाक्य में रेखांकित शब्द का कारक बताइए।

(A) अधिकरण कारक (B) सम्प्रदान कारक (C) करण कारक (D) कर्ता कारक

88. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना महादेवी वर्मा जी द्वारा लिखित *नहीं* है ?

(A) पिंजर (B) यामा (C) दीपशिखा (D) गीतपर्व

89. निम्नलिखित में से "संसद से सड़क तक" किसके द्वारा लिखी गई है ?

(A) रघुवीर सहाय (B) सुदामा पांडेय 'धूमिल'
(C) श्रीकांत वर्मा (D) अज्ञेय

90. 'जिसके पास घर न हो' के लिए एक शब्द है :

(A) अनिकेत (B) अकिंचन (C) गृही (D) अभिषेक

91. निम्नलिखित मुहावरों में से कौन-सा युग्म *ग़लत* है ?

(A) कागज काले करना – अनावश्यक लिखना (B) कमर कसना – तैयार होना
(C) कंधे से कंधा छिलना – चोट लगना (D) कलई खुलना – रहस्य खुलना

92. 'कृष्ण', 'विष्णु', 'अविनाशी', किस शब्द के अनेकार्थी हैं ?

(A) तिथि (B) रूप (C) अच्युत (D) ब्रह्म

93. वर्ष 2005 में कुँवर नारायण जी को किस भाषा के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?

(A) हिंदी (B) बंगला (C) तमिल (D) तेलुगु

94. "जिसका भाग्य अच्छा न हो" के लिए एक शब्द है :

(A) अभागा (B) अमर
(C) अनाथ (D) अधीर

95. 22 लड़कों की एक पंक्ति में, जब प्रकाश को बाईं ओर दो स्थान स्थानांतरित किया जाता है, तो वह बाएँ छोर से 8वें स्थान पर आ जाता है। पंक्ति के दाएँ छोर से उसका पहले स्थान क्या था ?

(A) 13वाँ (B) 11वाँ (C) 12वाँ (D) 14वाँ

In a row of 22 boys, when Prakash was shifted by two places towards the left, he became $8^{th}$ from the left end. What was his earlier position from the right end of the row ?

(A) $13^{th}$ (B) $11^{th}$ (C) $12^{th}$ (D) $14^{th}$

96. सरल कीजिए :

Simplify :
$49 \times (123 \div 3) + 13 \times 25$

(A) 2424 (B) 2334
(C) 2326 (D) 2846

**115.** यदि शुक्रवार से शुरू होने वाले 31 दिनों के महीने में दूसरा शनिवार और सभी रविवार अवकाश हैं, तो उस महीने में कितने कार्य दिवस हैं ?

(A) 26 दिन (B) 25 दिन (C) 28 दिन (D) 23 दिन

If the second Saturday and all Sundays are holidays in a 31-day month beginning on Friday, how many working days are there in that month ?

(A) 26 days (B) 25 days (C) 28 days (D) 23 days

**116.** एक विशेष कोडिंग पैटर्न में, किसी शब्द के अक्षरों को अंग्रेज़ी वर्णमाला में उनकी स्थिति के आधार पर बड़े या छोटे अक्षरों में लिखा जाता है : वर्णमाला में विषम-संख्या वाले स्थानों पर आने वाले अक्षर (जैसे A = 1, C = 3, E = 5, आदि) छोटे अक्षरों में लिखे जाते हैं और बाकी बड़े अक्षरों में लिखे जाते हैं। इस नियम के आधार पर, अगस्त के बाद चौथे महीने को कैसे लिखा जाएगा ?

In a certain coding pattern, letters in a word are written in capital or small letters based on their position in the English alphabet : letters that appear at odd-numbered positions in the alphabet (like A = 1, C = 3, E = 5, etc.) are written in lowercase and others are written in capital letters. Based on this rule, how will the $4^{th}$ month after August be written ?

(A) DeCEmBeR (B) DeceMbeR (C) DecemBeR (D) DECemBeR

**117.** 100 से 199 के बीच से एक संख्या यादृच्छिक रूप से चुनी जाती है। इसकी प्रायिकता क्या है कि वह संख्या 2 से विभाज्य हो और उसमें ठीक दो सम अंक हों ?

A number is selected at random from 100 to 199. What is the probability that the number is divisible by 2 and has exactly two even digits ?

(A) 9/100 (B) 3/100 (C) 25/4 (D) 1/4

**118.** 300 सदस्यों वाले एक क्लब में, 160 सदस्यों को तैराकी पसंद है, 140 सदस्यों को साइकिल चलाना पसंद है और 60 सदस्यों को दोनों पसंद हैं। कुल सदस्यों का कितना भाग ठीक एक गतिविधि पसंद करता है ?

In a club of 300 members, 160 like swimming, 140 like cycling and 60 like both. What fraction of the total members like exactly one activity ?

(A) 7/10 (B) 2/3 (C) 1/2 (D) 3/5

**119.** दी गई श्रृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए।

Find the next term in the given series.

AZ3, HX8, OV15, VT24, CR35, _____


(A) IP46 (B) JQ48 (C) JP48 (D) IQ46

**120.** उस वेन आरेख को पहचानिए जो समूहों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है :

'आकृतियाँ', 'वृत्त' और 'त्रिभुज'

Identify the Venn diagram that correctly represents the relationship among the sets :

'Shapes', 'Circles' and 'Triangles'

(A)  (B)  (C)  (D) 

**121.** 1 से 200 के बीच से एक संख्या यादृच्छिक रूप से चुनी जाती है। इसकी प्रायिकता क्या है कि यह एक पूर्ण वर्ग संख्या हो या 6 का गुणज हो ?

A number is chosen at random from 1 to 200. What is the probability that it is a perfect square or a multiple of 6 ?

(A) 9/40 (B) 14/200 (C) 7/40 (D) 7/200

110. यशु प्रतिदिन 12 घंटे काम करके एक किताब की नकल 20 दिनों में कर सकता है। 16 दिनों में काम पूरा करने के लिए उसे प्रतिदिन कितने घंटे काम करना चाहिए ?


(A) 12 घंटे
(B) 15 घंटे
(C) 13 घंटे
(D) 11 घंटे



Working 12 hours per day, Yashu can copy a book in 20 days. How many hours per day should he work to finish the work in 16 days ?

(A) 12 hours
(B) 15 hours
(C) 13 hours
(D) 11 hours

111. नीचे दी गई आकृति श्रृंखला को ध्यान से देखिए। निम्नलिखित में से लुप्त स्थान पर सही आकृति का चयन कीजिए और श्रृंखला को पूरा कीजिए।

Observe the following figure series. Find the correct figure from the following that will replace the missing position and completes the series.



(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

112. एक पंक्ति में 106 व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। A का स्थान दाएँ छोर से 16वाँ है। पंक्ति में A के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं ?

There are 106 people sitting in a row facing North. The position of A from the right end is $16^{th}$. How many people are sitting to the left of A in the row ?

(A) 82
(B) 96
(C) 86
(D) 90

113. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेज़ी वर्णमाला (शब्दकोश) के सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

Arrange the following words in correct English alphabetical (dictionary) order :

Balance, Banner, Banana, Band, Bank

(A) Balance, Banana, Band, Bank, Banner
(B) Balance, Band, Bank, Banner, Banana
(C) Balance, Banana, Bank, Banner, Band
(D) Balance, Banana, Bank, Band, Banner

114. यदि किसी विशिष्ट कोड में शब्द "KNOWLEDGE" को "MP4YN2FI2" और "AFFECT" को "1HH2EV" के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कोड में "TEST" को कैसे लिखा जाएगा ?

(नोट : यदि कोई अक्षर Z के बाद आता है, तो A से लिखना जारी रखें और यदि वह A से पहले आता है, तो Z से लिखना जारी रखें।)

If the word "KNOWLEDGE" is written as "MP4YN2FI2" and "AFFECT" is written as "1HH2EV" in a certain code, then how will "TEST" be written in the same code ?

(Note : If a letter goes beyond Z, continue from A and if it goes before A, continue from Z.)

(A) UV2V
(B) V2VU
(C) U2VV
(D) V2UV

104. यदि 8 कीड़ों और 2 जीवों के कुल मिलाकर 10 सिर हैं और प्रत्येक कीड़े का 1 सिर है, तो उन 2 जीवों के कुल मिलाकर कितने सिर होंगे ?

If 8 insects and 2 creatures together have 10 heads and each insect has 1 head, how many heads do 2 creatures together have ?

(A) 2 (B) 1 (C) 3 (D) 4

105. 4 वर्ष पहले, एक पति, उसकी पत्नी और उनके बच्चे की औसत आयु 30 वर्ष थी। 6 वर्ष पहले, पत्नी और बच्चे की औसत आयु 22 वर्ष थी। पति की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

(A) 48 वर्ष (B) 42 वर्ष

(C) 46 वर्ष (D) 44 वर्ष


The average age of a husband, his wife and their child 4 years ago was 30 years. The average age of the wife and the child 6 years ago was 22 years. Find the present age of the husband.

(A) 48 years (B) 42 years

(C) 46 years (D) 44 years

106. यदि जल की सतह आकृति के ठीक नीचे स्थित हो, तो दी गई आकृति का जल प्रतिबिंब क्या होगा ?

What is the water image of the given figure if the water surface is located just below the figure ?




(A) 

(B) 

(C) (D) 

107. प्रतीकों की व्यवस्था में मौजूद पैटर्न को ध्यानपूर्वक देखिए और गौर कीजिए कि प्रत्येक पद पिछले पद से किस प्रकार भिन्न है। इस दोहराए जाने वाले क्रम का उपयोग करके दिए गए विकल्पों में से अनुक्रम में अगला सही पद पहचानिए।

Carefully observe the pattern in the arrangement of symbols and notice how each term shifts from the previous one. Use this repeating order to identify the correct term that comes next in the sequence from the given options.

%?>, >%?, ?>%, %?>, >%?, ?>%, ______

(A) ?>% (B) %?>

(C) >%? (D) %%?

108. एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके 4 व्यक्ति S, D, K और L बैठे हैं। यदि D और K क्रमशः बाएँ छोर और दाएँ छोर पर बैठे हैं, S बाएँ छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है, तो S के दाएँ कितने व्यक्ति बैठे हैं ?

There are 4 people S, D, K and L sitting in a row facing North. If D and K are sitting at the left end and right end respectively, S is sitting second from the left end, then how many people are sitting to the right of S ?

(A) 1 (B) 4

(C) 2 (D) 3

109. यदि P, Q के पिता की पुत्री है, तो P का Q से क्या संबंध है ?

(A) पत्नी (B) माँ

(C) दादी (D) बहन

If P is the daughter of Q's father, then how is P related to Q ?

(A) Wife (B) Mother

(C) Grandmother (D) Sister

128. यह तालिका पाँच विद्यार्थियों द्वारा गणित और भौतिकी में प्राप्त अंकों को दर्शाती है। प्रश्न का उत्तर देने के लिए तालिका देखिए।
The table shows the marks obtained by five students in Mathematics and Physics. Refer to the table to answer the question.

| विद्यार्थी/Students | विषय/Subject | |
|---|---|---|
| | गणित/Mathematics | भौतिकी/Physics |
| A | 125 | 75 |
| B | 115 | 105 |
| C | 90 | 95 |
| D | 85 | 115 |
| E | 60 | 70 |

यदि E को गणित में प्राप्त अंकों को मूल अंकों से 25% बढ़ा दिया जाए, तो गणित में उसका नया प्रतिशत क्या होगा, यह मानते हुए कि अधिकतम अंक 150 हैं ?
If the marks obtained by E in Mathematics are increased by 25% of the original marks, what will be his new percentage in Mathematics, assuming the maximum marks are 150 ?

(A) 55% (B) 50% (C) 58·9% (D) 53·5%

129. कोई वस्तु शुरू में पूर्व दिशा की ओर है। वह मोड़ों के नीचे दिए गए क्रम से गुज़रती है :
1. 145 डिग्री वामावर्त मुड़ती है
2. फिर 190 डिग्री दक्षिणावर्त मुड़ती है
3. अंत में, 135 डिग्री वामावर्त मुड़ती है

वस्तु की अंतिम दिशा किस ओर है ?

(A) उत्तर (B) पश्चिम (C) पूर्व (D) उत्तर-पश्चिम

An object is initially facing East. It undergoes the given below sequence of turns :
1. Turns 145 degrees counter clockwise
2. Then turns 190 degrees clockwise
3. Finally, turns 135 degrees counter clockwise

In which direction is the object facing finally ?

(A) North (B) West (C) East (D) North-West


130. एक फोटोग्राफर 6 लोगों को एक पंक्ति में खड़ा करता है, लेकिन दो व्यक्ति एक-दूसरे के बगल में खड़े होने से इनकार कर देते हैं। इस व्यवस्था को कितने तरीकों से किया जा सकता है ?
A photographer arranges 6 people in a row, but two persons refuse to stand next to each other. In how many ways can the arrangement be made ?

(A) 240 (B) 120 (C) 720 (D) 480

131. एक स्टोर द्वारा छह महीनों में बेचे गए मोबाइल फ़ोन :
जनवरी : 320, फरवरी : 280, मार्च : 400, अप्रैल : 360, मई : 450, जून : 390
मई से जून तक बिक्री में कितने प्रतिशत की कमी हुई ?
Mobile phones sold by a store in six months :
January : 320, February : 280, March : 400, April : 360, May : 450, June : 390
What is the percentage decrease in sales from May to June ?

(A) 13·33% (B) 12·32% (C) 15·58% (D) 11·11%

97. दी गई आकृति में कितने चतुर्भुज हैं ?
How many quadrilaterals are there in the given figure ?



(A) 18 (B) 12 (C) 13 (D) 11

98. 246 मीटर लंबी एक ट्रेन एक खंभे को 30 सेकंड में पार करती है। ट्रेन की चाल किमी/घंटा में ज्ञात कीजिए।
(A) 47·55 किमी/घंटा (B) 29·52 किमी/घंटा (C) 51·5 किमी/घंटा (D) 33·6 किमी/घंटा
A 246 metre long train crosses a pillar in 30 seconds. Find the speed of train in km/hr.
(A) 47·55 km/h (B) 29·52 km/h (C) 51·5 km/h (D) 33·6 km/h

99. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रतिज्ञप्ति का उदाहरण है ?
(A) खिड़की खोलो। (B) आप कहाँ रहते हैं ?
(C) 7 एक अभाज्य संख्या है। (D) वाह, यह तो कमाल है !
Which of the following is an example of a proposition ?
(A) Open the window. (B) Where do you live ?
(C) 7 is a prime number. (D) Wow, that's amazing !

100. दी गई श्रृंखला को पूरा करने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से लुप्त संख्या का चयन कीजिए :
Select the missing number from the following options to complete the given series :
60, 90, 180, 450, 1350, ______, 18900, 85050, 425250
(A) 4725 (B) 3200 (C) 5400 (D) 6050

101. यदि दी गई छवि को 45° वामावर्त घुमाया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प नई अभिविन्यास से सही ढंग से मेल खाएगा ?
If the given image is rotated 45° anticlockwise, which of the following options will correctly match the new orientation ?




(A)  (B)  (C)  (D) 

102. दर्शकों की एक पंक्ति में जॉन बाएँ से 87वें और दाएँ से 233वें स्थान पर है। पंक्ति में कुल व्यक्तियों की संख्या ज्ञात कीजिए।
John is 87th from the left and 233rd from the right in a row of spectators. Find the total number of people in the row.
(A) 319 (B) 321 (C) 310 (D) 320

103. किसी संख्या का एक-तिहाई 12 है और फिर उस संख्या को 6 से बढ़ा दिया जाता है। नई संख्या का एक-चौथाई क्या होगा ?
One-third of a number is 12 and then the number is increased by 6. What is one-fourth of the new number ?
(A) 15·5 (B) 10·5 (C) 7·5 (D) 12

**132.** दिए गए ग्राफ में विभिन्न दैनिक गतिविधियों पर व्यतीत किए गए घंटों की संख्या दर्शाई गई है।





दिए गए आँकड़ों से, यात्रा और कार्यालय का समय दोनों पर व्यतीत किए गए कुल घंटों की गणना कीजिए।

(A) 11 घंटे (B) 9 घंटे

(C) 13 घंटे (D) 7 घंटे

The graph given shows the number of hours spent on various daily activities.




From the given data, calculate the number of hours spent on both travel and office time together.

(A) 11 hours (B) 9 hours

(C) 13 hours (D) 7 hours

**133.** उस पद को पहचानिए जो तार्किक अनुक्रम को जारी रखने के लिए रिक्त स्थान में आएगा।

Identify the term that should come in the blank space to continue the logical sequence.

XYZ, YZA, ZAB, ___, BCD, CDE

(A) ZAC (B) ABC (C) ZYA (D) ACB

**134.** उस शब्द की पहचान कीजिए जिसे 'MINORITY' शब्द के अक्षरों का उपयोग करके ***नहीं*** बनाया जा सकता, बशर्ते किसी भी अक्षर को मूल शब्द में उसकी उपस्थिति से अधिक बार न दोहराया जाए।

Identify the word that ***cannot*** be formed using the letters of the word 'MINORITY', without repeating any letter more times than it appears in the original word.

(A) MINOR (B) UNITY (C) INTRO (D) IRON

122. एक विशिष्ट कोड भाषा में, "STONE" को "TSPMF" और "BRAVE" को "CQBUF" के रूप में लिखा जाता है। उसी कोड भाषा में "WHILE" को कैसे लिखा जाएगा ?

(नोट : यदि कोई अक्षर Z के बाद आता है, तो A से जारी रखें और यदि वह A से पहले आता है, तो Z से जारी रखें।)

In a certain code language, "STONE" is written as "TSPMF" and "BRAVE" is coded as "CQBUF". How will "WHILE" be written in the same code language ?

(Note : If a letter goes beyond Z, continue from A and if it goes before A, continue from Z.)

(A) FGISK (B) XGJKF (C) XJGFK (D) UFHKG

123. यदि BASKET शब्द के अक्षरों को वर्णमाला क्रम में पुनर्व्यवस्थित किया जाए, तो पुनर्व्यवस्था के बाद दाएँ छोर से चौथा अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा ?

(नोट : यदि कोई अक्षर एक से अधिक बार आता है, तो उसे पुनर्व्यवस्थित करते समय समान संख्या में शामिल किया जाना चाहिए।)

If the letters of the word BASKET are rearranged in alphabetical order, then which of the following will be the fourth letter from the right end after the rearrangement ?

(Note : If a letter appears more than once, it should be included the same number of times while arranging.)

(A) E (B) B (C) K (D) T

124. एक जलाशय को अंतर्गम (प्रवेश) पाइप द्वारा 18 घंटे में पूरी तरह से भरा जा सकता है। एक रिसाव पाइप द्वारा भरे हुए जलाशय को 36 घंटे में खाली किया जा सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोले जाएँ, तो जलाशय को भरने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।

(A) 20 घंटे (B) 36 घंटे (C) 24 घंटे (D) 18 घंटे

A reservoir can be completely filled in 18 hours by an inlet pipe. A leakage pipe can empty the full reservoir in 36 hours. If both pipes are opened together, find the time required to fill the reservoir.

(A) 20 hours (B) 36 hours (C) 24 hours (D) 18 hours

125. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेज़ी वर्णमाला (शब्दकोश) के सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

Arrange the following words in correct English alphabetical (dictionary) order :

Cascade, Castle, Casual, Cashew, Cashmere, Castaway

(A) Cascade, Cashew, Cashmere, Castaway, Castle, Casual

(B) Cascade, Cashew, Cashmere, Castle, Castaway, Casual

(C) Cascade, Cashew, Cashmere, Castle, Casual, Castaway

(D) Cascade, Cashmere, Cashew, Castle, Casual, Castaway

126. व्यंजकों का मूल्यांकन कीजिए : "$5^0$, 0!, $1^5$, $(-1)^2$"। फिर, उनके संख्यात्मक मानों को बढ़ते क्रम में सूचीबद्ध कीजिए। यदि कोई मान एक से अधिक बार आता है, तो उसे उतनी ही बार लिखें जितनी बार वह आता है।

Evaluate the expressions : "$5^0$, 0!, $1^5$, $(-1)^2$". Then, list their numerical values in increasing order. If a value appears more than once, include it as many times as it occurs.

(A) 1, 1, 1, 1 (B) 0, 0, 1, 1 (C) 0, 1, 1, 1 (D) 0, 0, 0, 1

127. दी गई जानकारी के आधार पर, प्रश्न का उत्तर दीजिए :

रिपोर्ट सुबह 9:00 बजे जमा की गई। रिपोर्ट जमा करने के 2 घंटे बाद बैठक शुरू हुई। बैठक समाप्त होने के 1 घंटे बाद एक विराम लिया गया और बैठक सुबह 11:30 बजे समाप्त हुई। बैठक किस समय शुरू हुई थी ?

(A) सुबह 10:30 बजे (B) सुबह 11:10 बजे (C) सुबह 11:00 बजे (D) सुबह 10:00 बजे

Based on the given information, answer the question :

The report was submitted at 9:00 AM. The meeting started 2 hours after the report was submitted. A break was taken 1 hour after the meeting ended and the meeting ended at 11:30 AM. At what time did the meeting start ?

(A) 10:30 AM (B) 11:10 AM (C) 11:00 AM (D) 10:00 AM

141. अजीत पूर्व की ओर 2 किमी चलता है और फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 16 किमी चलता है। फिर वह पूर्व की ओर मुड़कर 5 किमी चलता है। अब, वह अपने आरंभिक बिंदु से किस दिशा में है ?

(A) उत्तर-पश्चिम
(B) दक्षिण-पश्चिम
(C) दक्षिण-पूर्व
(D) उत्तर-पूर्व

Ajit walks 2 km towards East and then he turns South and walks 16 km. Then he turns East and walks 5 km. Now, in which direction is he from his starting point ?

(A) North-West
(B) South-West
(C) South-East
(D) North-East

142. अकुल पूर्व की ओर 4 किलोमीटर चलता है और फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 14 किलोमीटर चलता है। फिर वह पूर्व की ओर मुड़कर 7 किलोमीटर चलता है। अकुल अब अपने आरंभिक बिंदु से किस दिशा में है ?

(A) उत्तर-पूर्व
(B) दक्षिण-पश्चिम
(C) उत्तर-पश्चिम
(D) दक्षिण-पूर्व

Akul walks 4 kilometres towards East and then he turns South and walks 14 kilometres. Then he turns East and walks 7 kilometres. In which direction is Akul now from his starting point ?

(A) North-East
(B) South-West
(C) North-West
(D) South-East

143. श्रृंखला को पूरा करने के लिए रिक्त स्थानों में लुप्त अक्षर भरिए।

Fill in the blanks with the missing letters to complete the series.

P_OEN_XPH_E_I_PHO_NIX_HOEN_X

(A) H, I, O, N, X, E, P, I
(B) H, I, I, P, N, I, N, X, O
(C) N, H, H, O, P, N, N, X
(D) H, N, O, O, P, N, H, I

144. 'FINAGLE' शब्द के अक्षरों का उपयोग करके, बिना किसी अक्षर को दोहराए, निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बनाया जा सकता है ?

Which of the following words can be formed using the letters of the word 'FINAGLE' without repeating any letters ?

(A) LEARN
(B) ANGLE
(C) FINGER
(D) FELINE

145. उस शब्द की पहचान कीजिए जिसे 'YESTERDAY' शब्द के अक्षरों का उपयोग करके ***नहीं*** बनाया जा सकता।

Identify the word that ***cannot*** be formed using the letters from the word 'YESTERDAY'.

(A) ERASE
(B) STEADY
(C) SPORT
(D) DEAR

146. "CEITRHYMS" सभी अक्षरों को दोहराए बिना, पुनर्व्यवस्थित करके निम्नलिखित में से कौन-सा सार्थक शब्द बनाया जा सकता है ?

Which of the following meaningful words can be formed by rearranging all the letters "CEITRHYMS" without repetition ?

(A) CHEMISTRY
(B) SYNTHESIS
(C) SYMMETRY
(D) CHEMICAL

147. निम्नलिखित श्रृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए।

Find the next term in the following series.

E, F, H, K, P, ?

(A) T
(B) U
(C) X
(D) V

138. ध्यान से देखिए कि दिए गए जोड़े में प्रत्येक अक्षर किस प्रकार बदलता है और उसी पैटर्न का उपयोग करके वह सही विकल्प ज्ञात कीजिए जो इस सादृश्य को पूरा करता है।

Observe how each letter changes in the given pair and apply the same pattern to find the correct option that completes the analogy.

CaShEw : cAsHeW :: BoUgHt : ________ :: HeAlTh : hEaLtH

(A) BoUgHt
(B) bOUGHt
(C) BOUGHT
(D) bOuGhT

139. दिए गए चिह्न किसी संख्या पर निम्नलिखित संक्रियाओं को दर्शाते हैं :

(नोट : प्रत्येक चिह्न वर्तमान संख्या पर संक्रिया करता है, जो पिछली संक्रिया का परिणाम है)

- + का अर्थ है वर्तमान संख्या में 2 जोड़ना।
- – का अर्थ है वर्तमान संख्या से 1 घटाना।
- * का अर्थ है वर्तमान संख्या को 6 से गुणा करना।
- @ का अर्थ है वर्तमान संख्या के अंकों को उलट देना।
- # का अर्थ है वर्तमान संख्या को 3 से भाग देना।

व्यंजक 5 * + @ – * # का मान ज्ञात कीजिए।

The symbols given represent the following operations on a number :

(Note : Each symbol operates on the current number, which is the result of the previous operation)

- + means add 2 to the current number.
- – means subtract 1 from the current number.
- * means multiply the current number by 6.
- @ means reverse the digits of the current number.
- # means divide the current number by 3.

Find the value of expression 5 * + @ – * # .

(A) 40
(B) 44
(C) 47
(D) 41

140. यदि,

L @ M का अर्थ है, M, L के पूर्व में स्थित है,

L # M का अर्थ है, M, L के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है,

L $ M का अर्थ है, M, L के दक्षिण में स्थित है,

L * M का अर्थ है, M, L के दक्षिण-पूर्व में स्थित है,

अभिव्यक्ति P # Q @ R $ K के आधार पर, P के सापेक्ष K की दिशा ज्ञात कीजिए।

(नोट : मान लीजिए कि सभी बिंदु दी गई दिशाओं और निर्देशों के अनुसार समान दूरी पर स्थित हैं।)

(A) दक्षिण-पश्चिम
(B) उत्तर
(C) पूर्व
(D) दक्षिण

If,

L @ M means M is to the East of L,

L # M means M is to the South-West of L,

L $ M means M is to the South of L,

L * M means M is to the South-East of L,


based on the expression P # Q @ R $ K, find the direction of K with respect to P.

(NOTE : Assume all points are placed at equal distances according to the given directions.)

(A) South-West
(B) North
(C) East
(D) South

135. दिए गए वेन आरेख में, वर्ग रसोइयों को, वृत्त साइकिल चालकों को और त्रिभुज संगीतकारों को दर्शाता है।

In the given Venn diagram, the square represents Chefs, the circle represents Cyclists and the triangle represents Musicians.




संगीतकार, साइकिल चालक और रसोइया — कितने व्यक्ति इन तीनों समूहों में शामिल हैं ?

How many individuals belong to all three groups — Musicians, Cyclists and Chefs ?

(A) 2
(B) 3
(C) 5
(D) 6

136. एक पहाड़ी स्थान पर चुने हुए महीनों में आने वाले पर्यटक :

मई : 4000, जून : 5200, जुलाई : 6000, अगस्त : 5500

मई से जुलाई तक पर्यटकों में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

Tourists visiting a hill station during the selected months :

May : 4000, June : 5200, July : 6000, August : 5500

What is the percentage increase in tourists from May to July ?

(A) 50%
(B) 55%
(C) 40%
(D) 60%

137. निष्कर्षों को पढ़िए और फिर निर्धारित कीजिए कि दिए गए दो कथनों से तार्किक रूप से कौन-सा/से निष्कर्ष अनुसरण करता है/करते हैं :

**कथन :**

I. सभी पिज़्ज़ा टॉपिंग हैं।
II. कोई भी टॉपिंग स्वादिष्ट नहीं है।

**निष्कर्ष :**

I. सभी पिज़्ज़ा स्वादिष्ट हैं।
II. कोई भी पिज़्ज़ा स्वादिष्ट नहीं है।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं।
(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Read the Conclusions and then decide which of the given Conclusions logically follow(s) from the two given Statements :

**Statements :**

I. All pizzas are toppings.
II. No topping is tasty.

**Conclusions :**

I. All pizzas are tasty.
II. No pizza is tasty.

(A) Only Conclusion I follows.
(B) Neither Conclusion I nor Conclusion II follows.
(C) Both Conclusion I and Conclusion II follow.
(D) Only Conclusion II follows.

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free
25,000+
PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

Previous Year Papers PDF

Search

Banking JAIIB & CAIIB SSC Railways

April 2026

11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

February 2026

22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...

Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

148. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'ADVERTISEMENT' शब्द के अक्षरों से, बिना अक्षरों को दोहराए *नहीं* बनाया जा सकता ?

Which of the following words *cannot* be formed from the letters of the word 'ADVERTISEMENT', without repeating letters ?

(A) ADVANCE
(B) INVEST
(C) DREAM
(D) REST

149. एक बिंदु से शुरू करके, करण एक दिशा में 6 किमी चलता है और फिर अपने शुरुआती रास्ते से समकोण पर 8 किमी चलता है। उसके आरंभिक बिंदु और उसकी अंतिम स्थिति के बीच सीधी दूरी कितनी है ?

(A) 9 किमी

(B) 12 किमी

(C) 15 किमी

(D) 10 किमी

Starting from a point, Karan moves 6 km in one direction and then 8 km at a right angle to his initial path. What is the direct distance between his starting point and his final position ?

(A) 9 km

(B) 12 km

(C) 15 km

(D) 10 km

150. एक प्रश्न और कथनों का एक समूह दिया गया है। ज्ञात कीजिए कि दिए गए कथनों में से कौन-सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।

**प्रश्न :**

एक त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए यदि निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध हो :

**कथन :**

I. त्रिभुज का क्षेत्रफल 24 वर्ग इकाई है।

II. त्रिभुज की ऊँचाई 4 इकाई है।

(A) कथन II अकेला पर्याप्त है।

(B) कथन I अकेला पर्याप्त है।

(C) कथन I और कथन II दोनों मिलकर भी पर्याप्त नहीं हैं।

(D) कथन I और कथन II दोनों मिलकर पर्याप्त हैं।

A question along with a set of statements is given. Find which of the given statements is/are sufficient to answer the given question.

**Question :**

Find the perimeter of a triangle given that :

**Statements :**

I. Area of the triangle is 24 sq. units.

II. Height of the triangle is 4 units.

(A) Statement II alone is sufficient.

(B) Statement I alone is sufficient.

(C) Both Statement I and Statement II together also are not sufficient.

(D) Both Statement I and Statement II together are sufficient.